# राज भवन, लखनऊ में अंतरिक्ष लैब के उद्‌घाटन में सैक-इसरो की सहभागिता

ग्रामीण भारत हेतु विलेज वैज्ञानिक कार्यक्रम निष्पादित करने के लिए अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक) के साथ व्योमिका फाउंडेशन के सहयोग से जन भवन में स्थापित **सुनीता विलियम्स विलेज वैज्ञानिक स्पेस लैब** का उद्घाटन उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल **श्रीमती आनंदीबेन पटेल** द्वारा किया गया। **श्री नीलेश एम. देसाई, निदेशक- सैक** ने अंतरिक्ष विज्ञान और व्यावहारिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को संबोधित किया। **श्री दर्शनकुमार के. पटेल,** समूह निदेशक-सीटा ने राज्यपाल को 'स्पेस ऑन व्हील्स' मोबाइल प्रदर्शनी के महत्व और युवा शिक्षार्थियों को शामिल करने में इसकी भूमिका के बारे में बताया।









TELESCOPE TYPES





नव स्थापित सुविधा का अनुभव प्राप्त करने और मोबाइल प्रदर्शनी 'स्पेस ऑन व्हील्स' देखने के लिए आए सरकारी कॉलेजों के छात्रों एवं संकाय सदस्यों के साथ बातचीत करने के लिए सैक टीम को 23 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक प्रतिनियुक्त किया गया था।

23.02.2026 को आदर्श माध्यमिक विद्यालय के कुल 94 छात्रों ने भाग लिया तथा 24.02.2026 और 25.02.2026 को 10 स्कूलों के 180 छात्रों एवं 27 संकाय सदस्यों सहित 207 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**दिनांक 24.02.2026**

| विद्यालय का नाम | प्रतिभागी (विद्यार्थी एवं शिक्षक) |
|---|---|
| 1.प्राथमिक विद्यालय नरही जोन 3-नगर क्षेत्र लखनऊ | 12+2 |
| 2.उच्च प्राथमिक विद्यालय जियामऊ, जोन-3 नगर क्षेत्र | 6+2 |
| 3.उच्च प्राथमिक विद्यालय, 35पी.ए.सी महानगर, जोन 3-लखनऊ | 11+2 |
| 4.कस्तूरबा गांधी गर्ल्स इन्टर कॉलेज | 50+2 |

**दिनांक 25.02.2026**

| विद्यालय का नाम | प्रतिभागी (विद्यार्थी एवं शिक्षक) |
|---|---|
| 5.पी.एम.श्री.बेसिक विद्यालय ,खुशहलगंज,काकोरी,लखनऊ | 22+1 |
| 6.प्राथमिक विद्यालय कैबिनेटगंज, जोन 3-नगर क्षेत्र लखनऊ | 7+2 |
| 7.उच्च प्राथमिक विद्यालय उदयगंज, जोन 3-नगर क्षेत्र लखनऊ | 11+2 |
| 8.पी.एम.श्री.कॉम्पोजिट विद्यालय, पानखेड़ा | 21+2 |
| 9.पी.एम.श्री.बेसिक विद्यालय, पहाड नगर गोसाईगंज, लखनऊ | 40+5 |

| | |
|---|---|
| 10. डी पी एस विद्यालय,   ,लखनऊ | 7 |

प्रतिभागियों को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के बुनियादी पहलुओं से परिचित कराया गया। बातचीत के दौरान, उपग्रह प्रौद्योगिकी और संबंधित वैज्ञानिक अनुप्रयोगों की मूलभूत अवधारणाओं के विवरण प्रदान किए गए।

संवादात्मक सत्रों के दौरान, छात्रों ने अंतरिक्ष मिशनों, उपग्रह प्रणालियों, अवलोकन पद्धतियों और अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में शैक्षणिक संभावनाओं से संबंधित प्रश्न पूछे। छात्रों ने अपनी जिज्ञासा और विश्लेषणात्मक अभिरुचि का प्रदर्शन किया तथा उनके जुड़ाव का स्तर उत्साहजनक था। संकाय सदस्यों ने सक्रिय रूप से परिचर्चा में भाग लिया और सार्थक शैक्षणिक चर्चा की गई।








SECOND LAUNCH PAD (SLP)







कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं प्रभावी तरीके से आयोजित किया गया था। प्रतिभागियों की समग्र प्रतिक्रिया सकारात्मक थी, जो छात्रों के बीच वैचारिक स्पष्टता बढ़ाने और वैज्ञानिक स्वभाव को बढ़ावा देने में 'स्पेस ऑन व्हील्स' के शैक्षिक मूल्य को दर्शाता है। यह बातचीत वैज्ञानिक जागरूकता को बढ़ावा देने और अंतरिक्ष अनुसंधान के उभरते क्षेत्रों में शैक्षणिक अभिरुचि को प्रोत्साहित करने के व्यापक उद्देश्य के साथ जुड़ी हुई थी।